आज वृन्दावन रास रच्यो है,
मैं भी देखन जाउंगी ।।

बाबा नन्द का कुंवर कन्हैया,
बाबा नन्द का कुंवर कन्हैया,
बाबा नन्द का कुंवर कन्हैया,
उन संग रास रचाऊँगी,
आज वृंदावन रास रच्यो है,
मैं भी देखन जाउंगी ।।

वो तो आएँगे ग्वाल बाल संग,
वो तो आएँगे ग्वाल बाल संग,
वो तो आएँगे ग्वाल बाल संग,
मैं गोपियन संग जाउंगी,
आज वृंदावन रास रच्यो है,
मैं भी देखन जाउंगी ।।

वो तो आएँगे रथ और गाड़ी,
वो तो आएँगे रथ और गाड़ी,
वो तो आएँगे रथ और गाड़ी,
मैं तो दौड़ लगाउंगी,
आज वृंदावन रास रच्यो है,
मैं भी देखन जाउंगी ।।

वो तो बजाएँगे मीठी मुरलिया,
वो तो बजाएँगे मीठी मुरलिया,
वो तो बजाएँगे मीठी मुरलिया,
मैं उन संग ताल बजाउंगी,
आज वृंदावन रास रच्यो है,
मैं भी देखन जाउंगी।।

कोई खिलाएँगे माखन मिश्री,
कोई खिलाएँगे माखन मिश्री,
कोई खिलाएँगे माखन मिश्री,
मैं मीठे गीत सुनाउंगी,
आज वृंदावन रास रच्यो है,
मैं भी देखन जाउंगी।।

कोई बरसाएँगे फूलों की कलियाँ,
कोई बरसाएँगे फूलों की कलियाँ,
कोई बरसाएँगे फूलों की कलियाँ,
मैं आंसू बरसाउंगी,
आज वृंदावन रास रच्यो है,
मैं भी देखन जाउंगी।।

चाहे बरजे बलम हमारे,
चाहे बरजे बलम हमारे,
चाहे बरजे बलम हमारे,
मैं भी वृन्दावन जाउंगी,
आज वृंदावन रास रच्यो है,
मैं भी देखन जाउंगी।।

आज वृन्दावन रास रच्यो है,
मैं भी देखन जाउंगी ।।

Singer Pt. Shri Bhagwati Prasad Ji Tiwari

Source: https://www.bharattemples.com/aaj-vrindavan-raas-racho-hai/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw